अनुदान मांग 2024-25 विश्लेषण

रक्षा

रक्षा मंत्रालय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर नीतियां बनाता है और रक्षा सेवाओं (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) द्वारा उनके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। इसके अलावा यह सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों जैसी निर्माण इकाइयों, अनुसंधान एवं विकास संगठनों और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं जैसी सहायक सेवाओं के लिए जिम्मेदार है। यह नोट मंत्रालय के बजटीय आवंटन और व्यय की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करता है। नोट में कुछ मुद्दों पर भी चर्चा की गई है जैसे जीडीपी के प्रतिशत के रूप में रक्षा पर व्यय में कमी, अत्यधिक मात्रा में पेंशन, रक्षा उपकरणों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निरंतर निर्भरता और नियमित कैडर की तुलना में अग्निपथ रंगरूटों का अल्पावधि का कार्यकाल।

वित्तीय स्थिति

रक्षा मंत्रालय के बजट में अनुसंधान एवं विकास और सीमांत सड़कों पर व्यय के साथ-साथ तीनों रक्षा सेवाओं के लिए आवंटन भी शामिल है। 2024-25 में मंत्रालय को 6,21,941 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसमें सशस्त्र बलों और नागरिकों के वेतन, पेंशन, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, निर्माण प्रतिष्ठानों, रखरखाव और अनुसंधान एवं विकास संगठनों पर व्यय शामिल है। मंत्रालय का आवंटन सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है और केंद्र सरकार के कुल व्यय का 13% है।

भारत विश्व स्तर पर उन देशों में शीर्ष पर है, जो सबसे ज्यादा सैन्य व्यय करते हैं लेकिन बजट में उसका हिस्सा कम हुआ है

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार, 2023 में भारत का सैन्य व्यय चौथा सबसे अधिक था।[1] एसआईपीआरआई द्वारा बनाए गए डेटाबेस में अर्धसैनिक बलों पर खर्च भी शामिल है। 2023 में शीर्ष पांच देशों में भारत का सैन्य खर्च जीडीपी के हिस्से के रूप में केवल चीन से अधिक था। हालांकि चीन की बड़ी अर्थव्यवस्था का अर्थ यह है कि वह अपनी सेना पर कुल मिलाकर भारत की तुलना में 3.5 गुना अधिक खर्च करता है।

तालिका 1: 2023 में सबसे अधिक व्यय करने वाले देश और पाकिस्तान

देश	व्यय (USD बिलियन)	व्यय (जीडीपी का %)
यूएस	916	3.4%
चीन	296	1.7%
रूस	109	5.9%
भारत	84	2.4%
सऊदी अरब	76	7.1%
पाकिस्तान	9	2.8%

नोट: भारत के सैन्य खर्च में अर्धसैनिक बलों पर खर्च शामिल है।
स्रोत: एसआईपीआरआई सैन्य व्यय डेटाबेस; पीआरएस।

हाल के वर्षों में रक्षा पर केंद्र सरकार का खर्च उसके कुल खर्च के हिस्से के रूप में कम हो गया है। 2014-15 में केंद्र ने अपने कुल खर्च का 17.1% रक्षा क्षेत्र पर खर्च किया। 2016-17 में यह बढ़कर 17.8% हो गया। हालांकि तब से केंद्र सरकार के कुल व्यय में रक्षा क्षेत्र के हिस्से में लगातार कमी आई है। 2024-25 में केंद्र द्वारा रक्षा पर अपने कुल व्यय का 12.9% खर्च करने का अनुमान है, जबकि 2023-24 के संशोधित अनुमान चरण में यह 13.9% था। रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कहा था कि भारत की अधिकांश रक्षा खरीद का लेनदेन डॉलर में किया जाता है।[2] इसलिए उसने सुझाव दिया था कि रक्षा सेवाओं के लिए धन आवंटित करते समय डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्यह्रास और मुद्रास्फीति दर पर विचार किया जाना चाहिए।[2]

तुषार चक्रवर्ती
tushar@prsindia.org

26 जुलाई, 2024

रेखाचित्र 1: रक्षा व्यय (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है और RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2018) ने सुझाव दिया था कि सशस्त्र बलों की पर्याप्त तैयारी सुनिश्चित करने के लिए रक्षा मंत्रालय को जीडीपी के लगभग 3% का एक निश्चित बजट आवंटित किया जाना चाहिए।[3] हालांकि पिछले दशक में रक्षा पर भारत का खर्च लगातार इस स्तर से कम रहा है। 2024-25 में भारत द्वारा रक्षा पर अपनी जीडीपी का 1.9% खर्च करने का अनुमान है जो 2013-14 के बाद से सबसे कम है। यह तालिका 1 में दिए गए आंकड़ों से भिन्न है क्योंकि एसआईपीआरआई द्वारा अलग पद्धतियों का इस्तेमाल किया जाता है। अगर रक्षा पेंशन पर खर्च को मंत्रालय के कुल व्यय से हटा दिया जाए, तो जीडीपी के प्रतिशत के रूप में व्यय में हर वर्ष लगभग 0.5 प्रतिशत की कमी आती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अगर रक्षा क्षेत्र पर जीडीपी का 3% खर्च किया जाएगा तो बहुत अधिक आवंटन होगा जिसे रक्षा सेवाएं पर्याप्त रूप से इस्तेमाल ही नहीं कर पाएंगी।[2]

रेखाचित्र 2: जीडीपी के % के रूप में रक्षा व्यय



नोट: BE बजट अनुमान है और RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); एमओएसपीआई; पीआरएस।

सशस्त्र बलों की अनुमानित जरूरतों से कम बजट आवंटन

केंद्र के व्यय में रक्षा व्यय की घटती हिस्सेदारी के अलावा, सशस्त्र बलों को आवंटित धनराशि उनकी अनुमानित जरूरतों से लगातार कम रही है। 2015-16 और 2023-24 के बीच सशस्त्र बलों को आवंटित धनराशि उनकी अनुमानित जरूरतों से 22% कम थी। अधिकांश वर्षों में राजस्व घटक की तुलना में बजट के पूंजीगत घटक के आवंटन में अधिक कमी रही है। उल्लेखनीय है कि 2023-24 में सशस्त्र बलों के पूंजीगत व्यय का आवंटन लगभग उतना ही था जितना उन्होंने अनुमान लगाया था। हालांकि संशोधित अनुमान चरण में थलसेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा पूंजीगत परिव्यय बजट अनुमान की तुलना में 4% कम दर्ज किया गया है।

रेखाचित्र 3: सशस्त्र बलों की अनुमानित आवश्यकताओं की तुलना में बजट आवंटन में कमी (करोड़ रुपए में)



स्रोत: 20वीं और 37वीं रिपोर्ट, रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी, 17वीं लोकसभा; पीआरएस।

रक्षा बजट की संरचना

2024-25 में केंद्र सरकार ने रक्षा मंत्रालय के लिए 6,21,941 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं जो 2023-24 के संशोधित अनुमान की तुलना में 0.3% कम है (तालिका 2 देखें)। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार का कुल व्यय 2023-24 के अनंतिम वास्तविक से 2024-25 में 9% बढ़ने का अनुमान है।[4] अनंतिम वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में मंत्रालय का व्यय संशोधित अनुमान की तुलना में 2.3% कम है।[5] रक्षा बजट में वेतन पर खर्च 1% बढ़ने का अनुमान है जबकि पेंशन पर 1% की कमी देखी जा रही है। 2024-25 में रक्षा पर अनुमानित खर्च में वेतन और पेंशन का हिस्सा 51% है। उल्लेखनीय है कि वेतन पर व्यय का अनुमान कम हो सकता है क्योंकि राष्ट्रीय राइफल्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर और अग्निपथ कैडर पर राजस्व व्यय का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध नहीं है। पूंजी परिव्यय, जिसमें हथियार, गोला-बारूद और अन्य उपकरणों की खरीद का खर्च शामिल है, 2023-24 के संशोधित अनुमान की तुलना में 2024-25 में 9% बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि 2023-24 में संशोधित अनुमान चरण में पूंजी परिव्यय बजट अनुमान की तुलना में 2% कम होने की उम्मीद है। अन्य खर्चों में परिवहन, राष्ट्रीय राइफल्स, संयुक्त स्टाफ, अग्निपथ योजना और मंत्रालय के अन्य स्थापना व्यय शामिल हैं।

तालिका 2: रक्षा बजट आवंटन (करोड़ रुपए में)

प्रमुख	वास्तविक 2022-23	संअ 2023-24	बअ 2024-25	2023-24 संअ से 2024-25 बअ में परिवर्तन का %
वेतन	1,57,131	1,73,914	1,76,184	1%
पूंजीगत परिव्यय	1,50,896	1,67,771	1,82,241	9%
पेंशन	1,53,407	1,42,095	1,41,205	-1%
रखरखाव	76,673	91,245	73,810	-19%
अन्य व्यय	34,991	48,864	48,501	-1%
कुल	**5,73,098**	**6,23,889**	**6,21,941**	**-0.3%**

नोट: वेतन में सशस्त्र बलों, सहायक बलों, सिविलियन्स के वेतन और भत्ते, अनुसंधान और विकास, और नागरिक अनुमानों के वेतन व्यय शामिल हैं। पूंजी परिव्यय में मंत्रालय और सशस्त्र बलों का पूंजीगत व्यय शामिल है। रखरखाव में स्टोर, वर्क्स, रिपेयर और रिफिट्स पर व्यय शामिल है।
स्रोत: एक्सपेंडिचर बजट, यूनियन बजट 2024-25; पीआरएस।

रक्षा बजट का 20% से ज्यादा हिस्सा पेंशन पर खर्च होता है

रक्षा पेंशन तीनों सेवाओं (नागरिक कर्मचारियों सहित) के सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मियों के लिए पेंशन शुल्क प्रदान करती है। इसमें सेवा पेंशन, ग्रैच्युटी, पारिवारिक पेंशन, विकलांगता पेंशन, पेंशन का परिवर्तित मूल्य और अवकाश नकदीकरण (लीव एनकैशमेंट) का भुगतान शामिल है। 2013-14 और 2024-25 के बीच सुरक्षाकर्मियों के पेंशन में 11% की वार्षिक दर से वृद्धि हुई है। यह कुल रक्षा व्यय में 8% की वार्षिक वृद्धि से अधिक है। नतीजतन, रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा पेंशन पर खर्च किया गया है। 2024-25 में कुल रक्षा बजट का 23% पेंशन पर खर्च होने का अनुमान है। 2022-23 में वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत बकाया के लिए जमा खाते में 28,137 करोड़ रुपए के हस्तांतरण के कारण कुल रक्षा व्यय का 27% पेंशन पर खर्च किया गया था। पेंशन भुगतान को पूरा करने के लिए जमा खाते से 8,000 करोड़ रुपए के हस्तांतरण के कारण 2024-25 में पेंशन व्यय पिछले वर्ष की तुलना में कम होने का अनुमान है।

रेखाचित्र 4: रक्षा पेंशन पर खर्च (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है और RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

नवंबर 2015 में सरकार ने ओआरओपी लागू करने का निर्णय लिया जो 1 जुलाई 2014 से प्रभावी किया गया।[6] इस संरचना के तहत, समान रैंक के सैनिक जो समान अवधि की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें समान पेंशन मिलेगी। यह उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख और वर्ष पर ध्यान दिए बिना लागू होता है। ओआरओपी के तहत पेंशन हर पांच वर्ष में संशोधित की जाती है।[6]

15वें वित्त आयोग ने सुझाव दिया कि मंत्रालय को वेतन और पेंशन देनदारियों को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए।[7] जून 2022 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को मंजूरी दी।[8] योजना के तहत भर्ती किए गए उम्मीदवार चार साल तक सेवा करेंगे और सशस्त्र बलों के तहत उनका एक अलग रैंक होगा, जिन्हें अग्निवीरों के नाम से जाना जाएगा। जबकि इस योजना का घोषित उद्देश्य सशस्त्र बलों की युवा क्षमता को बढ़ाना है, यह लंबी अवधि में पेंशन व्यय को कम करने में भी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अग्निवीरों के प्रत्येक बैच के केवल 25% कर्मियों को सशस्त्र बलों के नियमित कैडर में नामांकित किया जाएगा। शेष अग्निवीर जिन्हें नियमित कैडर में शामिल नहीं किया गया है, वे चार साल बाद 11.7 लाख रुपए के सेवा निधि पैकेज के साथ सशस्त्र बल छोड़ देंगे।[8] वे पेंशन प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे।

पूंजीगत परिव्यय रक्षा बजट के 30% से कम रहा है

रक्षा पेंशन पर अधिक खर्च के नतीजतन पूंजी परिव्यय पर व्यय में कमी हो सकती है। इस पूंजीगत परिव्यय में निर्माण कार्य, मशीनरी और टैंक, नौसैनिक जहाजों और विमानों जैसे उपकरणों पर व्यय शामिल है। इसमें अनुसंधान एवं विकास और सीमांत सड़कों के निर्माण पर पूंजीगत व्यय भी शामिल है। 2013-14 में रक्षा बजट का 32% पूंजीगत परिव्यय पर खर्च किया गया था। इस हिस्से में गिरावट आई है और 2014-15 और 2023-24 के बीच रक्षा बजट का 30% से भी कम पूंजी परिव्यय किया गया है। 2024-25 में मंत्रालय को अपने बजट का 29% पूंजीगत परिव्यय पर खर्च करने का अनुमान है।

रेखाचित्र 5: पूंजीगत परिव्यय पर व्यय (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है और RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2021) ने कहा था कि राजस्व व्यय और पूंजीगत परिव्यय का आदर्श अनुपात 60:40 था।[9] 2023-24 के बजट अनुमान के अनुसार, सशस्त्र बलों के लिए यह अनुपात 63:37 दर्ज किया गया और सेना ने अपने बजट का 80% से अधिक राजस्व व्यय पर खर्च किया। रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कहा कि राजस्व व्यय पर अधिक खर्च ओआरओपी के कार्यान्वयन और 7वें वेतन आयोग के सुझावों के कारण हो सकता है।[10] कमिटी ने कहा कि अधिक राजस्व व्यय सेनाओं के आधुनिकीकरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।[10]

रेखाचित्र 6: सशस्त्र बलों के व्यय की संरचना



नोट: BE बजट अनुमान है और RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: 37वीं रिपोर्ट, रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी, 17वीं लोकसभा; पीआरएस।

15वें वित्त आयोग को सौंपे गए एक ज्ञापन में रक्षा मंत्रालय ने अपनी बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों के माध्यम से पर्याप्त धनराशि की मांग की।[7] मंत्रालय ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बजटीय आवंटन में गिरावट आई है, और यह बड़ी रक्षा खरीद के लिए अपर्याप्त है।[7] 2021-26 की अवधि के लिए मंत्रालय का योजना अनुमान 17.46 लाख करोड़ रुपए है, लेकिन उसे पूंजीगत परिव्यय के लिए 9.01 लाख करोड़ रुपए प्राप्त होने की उम्मीद है (48% की कमी)।[7] मंत्रालय ने यह भी कहा कि लंबी अवधि में रक्षा बजट में लगातार कमी हो रही है। इससे कई किस्म की कमियां पैदा हो रही हैं, जिससे तीनों सेनाओं की पर्याप्त परिचालनगत तैयारियां नहीं हो पा रही हैं।[7]

लंबे समय से यह सुझाव भी दिया जा रहा है कि पूंजीगत वित्तपोषण के लिए एक नॉन-लैप्सेबल फंड बनाया जाए। 2004-05 के अंतरिम बजट में ऐसे फंड की स्थापना की जरूरत के बारे में चर्चा की गई थी क्योंकि रक्षा खरीद अक्सर कई वर्षों तक चलती है।[11] बजट में 25,000 करोड़ रुपए की धनराशि के साथ एक नॉन-लैप्सेबल मॉर्डनाइजेशन फंड बनाने का प्रस्ताव रखा गया। 2017 में रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी ने कहा कि सशस्त्र बलों की परिचालनगत तैयारियों में सुधार के लिए एक नॉन-लैप्सेबल डिफेंस कैपिटल फंड एकाउंट बनाने की जरूरत है।[12] 15वें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए एक मॉर्डनाइजेशन फंड के निर्माण का भी सुझाव दिया जिसकी प्रकृति नॉन-लैप्सेबल हो।[7]

केंद्र सरकार ने कहा है कि संवैधानिक प्रावधान ऐसे नॉन-लैप्सेबल फंड बनाने की अनुमति नहीं देते हैं।[13] केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि मैचिंग रेसीट्स, चाहे वह टैक्स रेसीट, सेस रेसीट या किसी दूसरी तरह की लेवी हो, के बिना सरकारी खाते में ऐसा फंड नहीं बनाया जाना चाहिए।[12] रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त मंत्रालय द्वारा एक नॉन-लैप्सेबल डिफेंस मॉर्डनाइजेशन फंड बनाने के लिए एक अलग तंत्र पर काम किया जा रहा है।[13] उल्लेखनीय है कि 15वें वित्त आयोग ने डिफेंस मॉर्डनाइजेशन फंड के वित्त पोषण के लिए चार स्रोतों का सुझाव दिया था।[7] इन स्रोतों में निम्नलिखित शामिल हैं: (i) भारत की समेकित निधि से हस्तांतरण, (ii) रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की विनिवेश आय, (iii) अधिशेष रक्षा भूमि के मुद्रीकरण से प्राप्त आय, और (iv) रक्षा भूमि से प्राप्त आय को भविष्य में राज्य सरकारों और सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए हस्तांतरित किए जाने की संभावना।[7]

प्रतिबद्ध देनदारियां

उल्लेखनीय है कि सशस्त्र बलों के पूंजी अधिग्रहण में दो घटक शामिल हैं: (i) प्रतिबद्ध देनदारियां और (ii) नई योजनाएं। प्रतिबद्ध देनदारियां पिछले वर्षों में किए गए अनुबंधों के संबंध में एक वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षित भुगतान हैं (क्योंकि खरीद एक जटिल प्रक्रिया होती है जिसमें लंबी अवधि शामिल होती है)। नई योजनाओं में नई परियोजनाएं शामिल हैं जो अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं और भविष्य में जिनके लागू होने की संभावना है। 2019-20 के बाद से प्रतिबद्ध देनदारियों से संबंधित आंकड़ों का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है।

रक्षा से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी (2019) ने प्रतिबद्ध देनदारियों के व्यय को पूरा करने के लिए आवंटन में कमी पर चिंता व्यक्त की।[14] कमिटी ने कहा कि प्रतिबद्ध देनदारियों के लिए अपर्याप्त आवंटन से संविदात्मक दायित्वों में चूक हो सकती है।[14] उसने कहा कि अगर भारत भुगतान में चूक करता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसे अच्छा नहीं माना जाएगा।[14] कमिटी ने बार-बार मंत्रालय को प्रतिबद्ध देनदारियों और नई योजनाओं के लिए एक डेडिकेटेड फंड बनाने का सुझाव दिया।[9,15] अब तक ये फंड नहीं

बनाए गए हैं। 2022 में कमिटी ने कहा था कि एक अलग फंड से यह सुनिश्चित होगा कि सशस्त्र बलों की प्रतिबद्ध खरीद के लिए भुगतान करने की समय सीमा को पूरा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।[15]

तालिका 3: प्रतिबद्ध देनदारियां और आधुनिकीकरण का बजट (करोड़ रुपए में)

वर्ष	प्रतिबद्ध देनदारियां	आधुनिकीकरण का बजट	कमी (% में)
2016-17	73,553	62,619	15%
2017-18	91,382	68,965	25%
2018-19	1,10,044	73,883	33%
2019-20	1,13,667	80,959	29%

नोट: प्रतिबद्ध देनदारियों के आंकड़े 2019-20 के बाद सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं किए गए हैं। स्रोत: तीसरी रिपोर्ट, रक्षा सेवाओं पर पूंजी परिव्यय, खरीद नीति और रक्षा योजना, रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी, दिसंबर 2019; पीआरएस।

सैन्य सेवा के बजट का विश्लेषण

2024-25 में थलसेना पर राजस्व व्यय 2023-24 के संशोधित अनुमान की तुलना में 1% बढ़ने का अनुमान है जबकि वायुसेना और नौसेना के लिए इसमें क्रमशः 14% और 4% की गिरावट देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2024-25 में सशस्त्र बलों की पेंशन पर राजस्व व्यय लगभग 8,000 करोड़ रुपए अधिक है (तालिका 4 देखें)। इसका कारण 2024-25 में पेंशन व्यय को पूरा करने के लिए जमा खाते से 8,000 करोड़ रुपए की रिकवरी है। हालांकि तीनों रक्षा सेवाओं के पेंशन व्यय पर इसके अलग-अलग प्रभाव के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। इस खंड के बाकी हिस्सों में विश्लेषण 2023-24 के संशोधित अनुमान तक है, क्योंकि बजट दस्तावेजों में 2024-25 के लिए अलग-अलग सैन्य सेवाओं के पूंजीगत परिव्यय का ब्रेकअप नहीं दिया गया है।

तालिका 4: रक्षा बजट का आवंटन (करोड़ रुपए में)

मुख्य मद	वास्तविक 2022-23	संअ 2023-24	बअ 2024-25	2023-24 संअ से 2024-25 बअ में परिवर्तन का %
थलसेना का राजस्व	2,80,641	3,19,205	3,22,253	1%
नौसेना का राजस्व	39,990	46,586	44,662	-4%
वायुसेना का राजस्व	56,786	70,051	60,036	-14%
पूंजीगत परिव्यय	1,30,926	1,46,765	1,60,773	10%
अन्य	64,755	41,282	34,216	-17%
कुल	**5,73,098**	**6,23,889**	**6,21,941**	**-0.3%**

नोट: थलसेना में जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री और नौसेना में तटरक्षक बल शामिल है। पूंजीगत परिव्यय में तट रक्षकों पर पूंजीगत व्यय शामिल है। संअ संशोधित अनुमान और बअ बजट अनुमान हैं। स्रोत: व्यय बजट, केंद्रीय बजट 2024-25; पीआरएस।

थलसेना: वेतन और पेंशन पर व्यय बहुत अधिक, इसलिए आधुनिकीकरण पर खर्च की कम गुंजाइश

तालिका 5: 2023-24 संअ के अनुसार थलसेना के बजट का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)

मद	आवंटित राशि	रक्षा सेवा के बजट का %
वेतन	1,25,321	36%
पेंशन	1,21,192	34%
आधुनिकीकरण	26,500	8%
रखरखाव	37,785	11%
अन्य बल	17,566	5%
विविध	24,253	7%
कुल	**3,52,617**	

नोट: वेतन में सिविलिन्स और सहायक बलों का वेतन शामिल है। थलसेना के लिए आधुनिकीकरण निधि की गणना पूंजी परिव्यय की निम्नलिखित मदों से की जाती है: (i) विमान और एयरोइंजन, (ii) भारी और मध्यम वाहन, (iii) अन्य उपकरण, (iv) रोलिंग स्टॉक, (v) राष्ट्रीय राइफल्स, और (vi) प्रोटोटाइप विकास के लिए सहायता। अन्य बलों में राष्ट्रीय राइफल्स, एनसीसी, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री और अग्निपथ योजना पर राजस्व व्यय शामिल है। स्रोत: व्यय बजट, केंद्रीय बजट 2024-25; पीआरएस।

थलसेना बजट और सैन्यकर्मियों की संख्या, दोनों के मामले में तीनों सेनाओं में सबसे बड़ी है। जनवरी 2022 तक थलसेना के पास 13.03 लाख कर्मियों (अधिकारियों और सैनिकों सहित) की अधिकृत

संख्या है।[16] 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार, थलसेना पर खर्च 3,52,617 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है, जिसमें से 70% राशि वेतन और पेंशन पर खर्च की जाएगी। इन दो मदों पर बजट की पर्याप्त राशि खर्च होने के साथ, 2023-24 में कुल व्यय का केवल 8% आधुनिकीकरण पर खर्च होने का अनुमान है।

रेखाचित्र 7: सेना का आधुनिकीकरण व्यय (करोड़ रु. में)



नोट: RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

आधुनिकीकरण में सैन्यबलों की रक्षा क्षमताओं को उन्नत करने और बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और हथियार प्रणालियों की खरीद शामिल है। 2016-17 के बाद थलसेना के लिए आधुनिकीकरण हेतु आवंटन में बाकी सेनाओं के आवंटन के मुकाबले गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 में तीनों सेनाओं के कुल आधुनिकीकरण खर्च में थलसेना की हिस्सेदारी बढ़कर 27% हो गई। 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार, थलसेना का आधुनिकीकरण व्यय रक्षा सेवाओं के कुल आधुनिकीकरण व्यय का 20% था जोकि 2022-23 की तुलना में 16% कम था।

रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) को सैन्य प्रतिनिधियों ने बताया था कि आधुनिक सशस्त्र बलों में नई जनरेशन के 30%, वर्तमान जनरेशन के 40% और पुराने जनरेशन के 30% उपकरण होने चाहिए।[17] इसके विपरीत भारतीय थलसेना के पास इस समय नई जनरेशन के 15%, मौजूदा जनरेशन के 40% और पुरानी जनरेशन के 45% उपकरण हैं।[17] कमिटी ने सुझाव दिया था कि थलसेना को बजट आवंटित करते समय, अत्याधुनिक खरीद को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उसने यह सुझाव भी दिया कि दो शत्रु पड़ोसी देशों से निपटने में भारत की प्रतिरोधक क्षमता सुनिश्चित करने के लिए थलसेना के पूंजीगत बजट को बढ़ाया जाना चाहिए।[17]

नौसेना: पिछले दशक में आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धनराशि में काफी वृद्धि

2023-24 के संशोधित अनुमान के मुताबिक नौसेना पर कुल खर्च 1,01,439 करोड़ रुपए (पेंशन और तटरक्षक बल पर खर्च सहित) है। 2023-24 में नौसेना के बजट का लगभग आधा हिस्सा आधुनिकीकरण पर खर्च होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि 2023-24 के बजट अनुमान और संशोधित अनुमान के बीच नौसेना के आधुनिकीकरण व्यय में 1% की कमी आई है। आधुनिकीकरण बजट के तहत 2023-24 में विमान और एयरोइंजन पर खर्च 64% घटकर 2,500 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है, जबकि अन्य उपकरणों पर खर्च 60% बढ़कर 15,200 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है।

तालिका 6: 2023-24 संअ के अनुसार नौसेना के बजट का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)

मद	आवंटित राशि	रक्षा सेवा के बजट का %
वेतन	12,778	13%
पेंशन	7,096	7%
आधुनिकीकरण	48,911	48%
रखरखाव	16,298	16%
अन्य	8,334	8%
विविध	8,022	8%
कुल	**1,01,439**	

नोट: वेतन में सिविलिन्स का वेतन शामिल है। नौसेना के लिए आधुनिकीकरण निधि की गणना पूंजी परिव्यय की निम्नलिखित मदों से की जाती है: (i) विमान और एयरोइंजन, (ii) भारी और मध्यम वाहन, (iii) अन्य उपकरण, (iv) नौसैनिक बेड़ा, (v) नौसैनिक गोदी और परियोजनाएं, और (vi) संयुक्त कर्मचारी। अन्य में संयुक्त कर्मचारी, तटरक्षक बल और अग्निपथ पर राजस्व व्यय शामिल है। स्रोत: व्यय बजट, केंद्रीय बजट 2024-25; पीआरएस।

2018-19 के बाद से नौसेना के आधुनिकीकरण व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2020-21 के बाद से नौसेना का आधुनिकीकरण व्यय लगातार तीन रक्षा सेवाओं के कुल आधुनिकीकरण व्यय के 30% से अधिक रहा है। 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार यह हिस्सेदारी 37% रहने की उम्मीद है।

भारतीय नौसेना के पास वर्तमान में 130 से अधिक जहाज और पनडुब्बियां हैं।[17] अतिरिक्त 43 जहाज/पनडुब्बियां विभिन्न शिपयार्डों में निर्माणाधीन हैं। हालांकि टोही गतिविधियों और परिवहन के लिए नौसेना के पास विमानों और हेलीकॉप्टरों की कमी है।[17] रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने सुझाव दिया था कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की नौसैनिक उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए नियोजित खरीद को तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा किया जाना चाहिए।[17]

रेखाचित्र 8: नौसेना का आधुनिकीकरण व्यय (करोड़ रुपए में)



नोट: RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

वायुसेना: आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धनराशि पुराने विमानों को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं

2023-24 में वायुसेना का कुल खर्च 1,28,551 करोड़ रुपए (सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन सहित) होने का अनुमान है। नौसेना की तरह, वायुसेना के बजट का 40% से अधिक आधुनिकीकरण पर खर्च होने का अनुमान है। तीनों सेनाओं द्वारा आधुनिकीकरण पर होने वाले खर्च में वायुसेना का हिस्सा लगातार सबसे बड़ा रहा है। हालांकि आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धन वायुसेना की जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है।

तालिका 7: 2023-24 संअ के अनुसार वायुसेना के बजट का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)

मद	आवंटित राशि	रक्षा सेवा के बजट का %
वेतन	22,797	18%
पेंशन	13,779	11%
आधुनिकीकरण	55,716	43%
रखरखाव	32,526	25%
अग्निपथ	186	0.1%
विविध	3,547	3%
कुल	**1,28,551**	

नोट: वेतन में सिविलिन्स का वेतन शामिल है। वायुसेना के लिए आधुनिकीकरण निधि की गणना पूंजी परिव्यय की निम्नलिखित मदों से की जाती है: (i) विमान और एयरोइंजन, (ii) भारी और मध्यम वाहन, (iii) अन्य उपकरण, (iv) विशेष परियोजनाएं, और (v) प्रोटोटाइप विकास के लिए सहायता। स्रोत: व्यय बजट, केंद्रीय बजट 2024-25; पीआरएस।

वायुसेना की अधिकृत ताकत वर्तमान में 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन है।[17] अधिकृत ताकत के विपरीत, वायुसेना के पास वर्तमान में 31 सक्रिय लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं।[17] रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कहा था कि वायुसेना को वर्तमान परिस्थितियों में कम से कम 180 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है।[17] मिग 21 और अन्य विमानों के पुराने बेड़े को सेवा से हटाने के बाद लड़ाकू स्क्वाड्रन की ताकत और भी कम हो सकती है। कमिटी ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में काफी देरी हुई है। कमिटी ने सुझाव दिया कि अगर बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमानों के स्वदेशी निर्माण में देरी हो रही है, तो सरकार को पांचवीं जनरेशन के लड़ाकू विमानों की काउंटर खरीद पर विचार करना चाहिए।[17] कमिटी ने आगे कहा कि वायुसेना को प्रदान की गई पूंजीगत धनराशि बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान खरीदने के लिए अपर्याप्त थी। उसने सुझाव दिया कि पर्याप्त धन की कमी के कारण विमानों की खरीद में देरी नहीं होनी चाहिए।[17]

रेखाचित्र 9: वायुसेना का आधुनिकीकरण व्यय (करोड़ रुपए में)



नोट: RE संशोधित अनुमान है।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

विचारणीय मुद्दे

भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक

एसआईपीआरआई के आंकड़ों के अनुसार, 2013 और 2023 के बीच भारत हथियारों का सबसे बड़ा आयातक था, इसके बाद सऊदी अरब, मिस्र और कतर थे। 2013 से 2023 के दौरान आयातित हथियारों की कुल मात्रा का 10% भारत से प्राप्त हुआ था। 2017-18 और 2022-23 (दिसंबर 2022 तक) के बीच, रक्षा बलों के लिए 264 पूंजी अधिग्रहण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें से 88 अनुबंध विदेशी विक्रेताओं के साथ किए गए थे।[10] ये विक्रेता रूस, अमेरिका और इज़राइल सहित विभिन्न देशों से हैं। आयात किए जाने वाले प्रमुख रक्षा उपकरणों में विमान, बंदूकें, मिसाइलें और असॉल्ट राइफलें शामिल हैं।[10]

रेखाचित्र 10: 2013-2023 के बीच हथियारों के शीर्ष 10 आयातक (विश्वव्यापी आयात के % के रूप में)



स्रोत: एसआईपीआरआई; पीआरएस।

रेखाचित्र 11: सशस्त्र बलों द्वारा पूंजी अधिग्रहण के लिए आयात पर खर्च का हिस्सा



स्रोत: 37वीं रिपोर्ट, रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी, 17वीं लोकसभा; पीआरएस।

2012-13 और 2021-22 के बीच सशस्त्र बलों के लिए खरीदे गए कुल रक्षा उपकरणों का लगभग 40% हिस्सा विदेशी विक्रेताओं से प्राप्त रक्षा उपकरणों का था। इस अवधि में विदेशी स्रोतों से रक्षा उपकरणों की खरीद 5% की वार्षिक दर से बढ़ी, जबकि स्वदेशी खरीद 6% की वार्षिक दर से बढ़ी।[10] 2021-22 में भारत ने विदेशी विक्रेताओं से 36% खरीद की।[10]

हालांकि पिछले दशक में तीनों रक्षा सेवाओं की आयात निर्भरता में काफी भिन्नताएं हैं। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि युद्धपोत और विमानों की प्रकृति अधिक पूंजी गहन है और इसलिए घरेलू आपूर्ति उपलब्ध नहीं होने पर आयात की आवश्यकता हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 2012-

13 और 2021-22 के बीच, वायुसेना ने 53% खरीद और नौसेना ने 38% खरीद विदेशी स्रोतों से की।[10] थलसेना के लिए, विदेशी खरीद कुल रक्षा खरीद का 17% थी।[10]

रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कहा कि भारत के रक्षा आयात का मूल्य लगातार बढ़ रहा है।[10] उसने मंत्रालय को ऐसे उपाय करने का सुझाव दिया ताकि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र घरेलू स्तर पर रक्षा उपकरणों का निर्माण कर सकें। इसमें विभिन्न स्तरों पर घरेलू कंपनियों को रियायतें देना शामिल हो सकता है ताकि वे घरेलू रक्षा जरूरतों को पूरा कर सकें और ऐसे उपकरणों के निर्यात में भी सुधार कर सकें।[10] एस्टिमेट्स कमिटी (2018) ने कहा था कि विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता, विशेष रूप से मिलिट्री हार्डवेयर के लिए, भारत की सुरक्षा को संवेदनशील बनाती है क्योंकि यह जरूरी नहीं कि आपातकालीन स्थितियों के दौरान आपूर्तिकर्ता आवश्यक हथियार या स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध नहीं करा पाएं।[18]

रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी), 2020 का उद्देश्य रक्षा उपकरणों के निर्माण में स्वदेशी कंटेंट को बढ़ाना है।[19] डीएपी पूंजीगत वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए लागू है। यह खरीद की एक अन्य श्रेणी के रूप में संपत्तियों को लीज़ पर देने का भी प्रावधान करता है जो समय-समय पर किराये के भुगतान के साथ विशाल प्रारंभिक पूंजी परिव्यय का स्थान ले सकता है।[19] नवंबर 2023 में सभी खरीद श्रेणियों में कम से कम 50% स्वदेशी कंटेंट (कंटेंट, कंपोनेंट्स और सॉफ्टवेयर के लिए) प्रदान करने के लिए डीएपी में संशोधन किया गया था।[20] आयात कम करने के लिए मंत्रालय ने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां भी जारी की हैं।[21] इन सूचियों में 5,012 रक्षा उपकरण शामिल हैं जिन्हें क्रमबद्ध तरीके से आयात प्रतिबंध के तहत रखा गया है। रक्षा निर्माण विभाग के अनुसार, अब तक पांच सूचियों में अधिसूचित वस्तुओं में से 59% का स्वदेशीकरण किया जा चुका है।[21]

रक्षा निर्यात में वृद्धि हुई है लेकिन वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है

2016-17 और 2023-24 के बीच रक्षा निर्यात 46% की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा है। यह मुख्य रूप से निजी कंपनियों द्वारा रक्षा निर्यात में वृद्धि के कारण है (तालिका 8 देखें)। उल्लेखनीय है कि भारत के रक्षा निर्यात में वृद्धि 2016-17 में निम्न आधार के चलते है, जब भारत ने 1,522 करोड़ रुपए की रक्षा वस्तुओं का निर्यात किया था।[22] 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए था।[23] भारत 85 से अधिक देशों को मिसाइल, रडार, बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद जैसी वस्तुओं का निर्यात करता है।[22]

तालिका 8: रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का हिस्सा (करोड़ रुपए में)

वर्ष	निजी कंपनियों के लिए निर्यात	कुल निर्यात	निजी कंपनियों का हिस्सा
2016-17	194	1,522	13%
2017-18	3,163	4,682	68%
2018-19	9,813	10,746	91%
2019-20	8,008	9,116	88%
2020-21	7,271	8,435	86%
2021-22	5,965	12,815	47%
2022-23	9,051	15,918	57%
2023-24	13,119	21,083	62%

स्रोत: रक्षा उत्पादन विभाग; पीआरएस।

केंद्र सरकार का लक्ष्य 2025 तक 35,000 करोड़ रुपए और 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात करना है।[24,25] 2024-25 के अंत तक 35,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात करने के लिए, 2023-24 के मुकाबले निर्यात में 66% की वृद्धि करनी होगी। जबकि रक्षा निर्यात में वृद्धि हुई है, हथियारों के निर्यात की विश्वव्यापी मात्रा में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है। एसआईपीआरआई के अनुसार, 2016 और 2023 के बीच, विश्वव्यापी स्तर पर निर्यात किए गए हथियारों में भारत की हिस्सेदारी 0.2% थी। इस अवधि में वैश्विक हथियार निर्यात में यूएसए, रूस और फ्रांस का हिस्सा क्रमशः 39%, 15% और 9% था।[26]

अग्निपथ के तहत भर्तियां

जैसा कि पहले चर्चा की गई, जून 2022 में केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना शुरू की।[8] यह तीन सशस्त्र सेवाओं में अधिकारी रैंक (पीबीओआर) से निम्न पदों के कर्मियों की भर्ती पर लागू होती है।[27] रक्षा सेवाओं में पीबीओआर (सैनिक/नाविक/वायुसैनिक) की संख्या सबसे अधिक है। अग्निपथ योजना कम से कम 75% रंगरूटों (अग्निवीरों) की सेवा अवधि को घटाकर चार साल कर देगी। अग्निवीरों के प्रत्येक बैच से 25% तक कर्मियों को सशस्त्र बलों के नियमित कैडर में चुना जाएगा। इन व्यक्तियों को कम से कम 15 वर्ष की अतिरिक्त सेवा करनी होगी। शेष अग्निवीरों को सशस्त्र बलों द्वारा नहीं रखा जाएगा। अग्निपथ के माध्यम से भर्ती से सशस्त्र बलों के औसत आयु प्रोफ़ाइल में लगभग चार से पांच वर्ष की कमी आने की उम्मीद है।[8]

वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना में कार्यरत पीबीओआर, अपने रैंक और सेवानिवृत्ति की आयु के आधार पर, 19 से 30 वर्षों तक सेवा करते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंत्रियों के समूह की रिपोर्ट (2001) में कहा गया था कि सशस्त्र सेवाओं की आयु प्रोफाइल युवा होनी चाहिए ताकि वे युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें।[28] कारगिल समीक्षा समिति ने सुझाव दिया था कि एक युवा और स्वस्थ सेना के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 17 साल से घटाकर सात से 10 साल की जानी चाहिए।[28] उल्लेखनीय है कि अधिकांश अग्निवीरों की नियुक्ति की अवधि इस अनुशंसित सेवा अवधि से काफी कम होगी। अग्निपथ के तहत भर्ती का सशस्त्र बलों की परिचालनगत तैयारियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह स्पष्ट नहीं है। केंद्र सरकार के अनुसार, यह योजना परिचालनगत तैयारियों को बढ़ाएगी।[29] सशस्त्र बलों की एक युवा प्रोफ़ाइल युद्ध के लिए अधिक उपयुक्त होगी और उनमें जोखिम लेने की क्षमता अधिक होगी।[29] हालांकि, एक बैच में कम से कम 75% अग्निवीरों को सेना से मुक्त करने का मतलब यह होगा कि कर्मियों में हताशा बढ़ेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेना भर्ती में आवश्यक किसी भी बदलाव का आकलन करने के लिए अग्निपथ योजना का आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है।[30]

बजट में अनुसंधान एवं विकास हेतु आवंटन हाल के वर्षों में कम हुआ; कई परियोजनाएं प्रभावित

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) एयरोनॉटिक्स, आयुध, लड़ाकू वाहनों और मिसाइलों जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक और सामरिक सैन्य उपकरणों का निर्माण करता है।[31] हाल के वर्षों में अनुसंधान और विकास के लिए आवंटन कम हो गया है। 2014-15 में कुल रक्षा बजट का 4.7% अनुसंधान और विकास के लिए आवंटित किया गया था। 2020-21 में यह अनुपात घटकर 3.2% हो गया और 2024-25 के बजट अनुमान के अनुसार यह बढ़कर 3.8% होता दिख रहा है। 2013-14 और 2024-25 के बीच, रक्षा संबंधी अनुसंधान और विकास पर खर्च 7% की वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है, जो काफी हद तक कुल रक्षा बजट में वार्षिक वृद्धि के समान है।

रेखाचित्र 12: रक्षा बजट में अनुसंधान एवं विकास पर व्यय का हिस्सा (% में)



स्रोत: 42वीं रिपोर्ट; रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी, 17वीं लोकसभा; केंद्रीय बजट दस्तावेज़ (विभिन्न वर्ष); पीआरएस।

रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कहा कि अनुसंधान और विकास एक मजबूत और आधुनिक रक्षा तंत्र है।[32] इसमें रक्षा अनुसंधान और विकास की आउटसोर्सिंग के साथ-साथ डीआरडीओ की इन-हाउस परियोजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध कराना शामिल है। कमिटी ने डीआरडीओ को चालू और भविष्य की परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।[32]

अनुसंधान और विकास कोष में कमी के अलावा, डीआरडीओ द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाएं देरी के कारण प्रभावित हुई हैं। 178 डीआरडीओ

परियोजनाओं के विश्लेषण में कैग ने पाया कि 119 परियोजनाओं में मूल समय सीमा का पालन नहीं किया गया है।[31] 49 परियोजनाओं में अतिरिक्त समय परियोजना की मूल समय सीमा से अधिक है। एक या अधिक प्रमुख उद्देश्यों और मापदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद परियोजनाओं को सफल घोषित किया गया है।[31] रक्षा संबंधी स्टैंडिंग कमिटी ने कहा कि डीआरडीओ परियोजनाओं के पूरा होने में अक्सर देरी होती है। इससे लागत बढ़ जाती है और सशस्त्र बल क्षमताओं से वंचित हो जाते हैं।[31] कमिटी ने निम्नलिखित सुझाव दिए: (i) डीआरडीओ के आंतरिक समीक्षा तंत्र की फिर से समीक्षा करना, और (ii) समीक्षा तंत्र में तकनीकी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना।[32]

[1] Trends in World Military Expenditure 2023, SIPRI Fact Sheet, April 2024, https://www.sipri.org/sites/default/files/2024-04/2404_fs_milex_2023.pdf.

[2] 37th Report: Demands for Grants (2023-24) Capital Outlay on Defence Services, Procurement Policy and Defence Planning, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, Mach 21, 2023, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/17_Defence_37.pdf?source=loksabhadocs.

[3] 40th Report: Demands for Grants (2018-19) General Defence Budget, Border Roads Organisation, Indian Coast Guard, Military Engineer Services, Directorate General Defence Estates, Defence Public Sector Undertakings, Welfare of Ex-Servicemen, Defence Pensions, Ex-Servicemen Contributory Health Scheme, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 12, 2018, https://loksabhadocs.nic.in/lsscommittee/Defence/16_Defence_40.pdf.

[4] Provisional Accounts for 2023-24, Union Government Accounts at a Glance, Controller General of Accounts, Ministry of Finance, as accessed on July 26, 2024, https://www.cga.nic.in/MonthlyReport/Published/3/2023-2024.aspx.

[5] Total Expenditure, Provisional Accounts for 2023-24, Union Government Accounts at a Glance, Controller General of Accounts, Ministry of Finance, as accessed on July 26, 2024, https://www.cga.nic.in/MonthlyReport/Published/3/2023-2024.aspx.

[6] "Union Cabinet approves revision of pension of Armed Forces Pensioners/family pensioners under One Rank One Pension w.e.f. July 01, 2019", Press Information Bureau, Ministry of Defence, December 23, 2022, https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1886168.

[7] Chapter 11, Defence and Internal Security, Volume-I Main Report, 15th Finance Commission, October 2020, https://fincomindia.nic.in/writereaddata/html_en_files/fincom15/Reports/XVFC%20VOL%20I%20Main%20Report.pdf.

[8] "In a transformative reform, Cabinet clears 'Agnipath' scheme for recruitment of youth in the armed forces", Press Information Bureau, Ministry of Defence, June 14, 2022, https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1833747.

[9] 21st Report, Demands for Grants (2021-22) Capital Outlay on Defence Services, Procurement Policy, Defence Planning and Married Accommodation Project, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 2021, https://loksabhadocs.nic.in/lsscommittee/Defence/17_Defence_21.pdf.

[10] 37th Report: Demands for Grants (2023-24), Capital Outlay on Defence Services, Procurement Policy and Defence Planning, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 21, 2023, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/17_Defence_37.pdf?source=loksabhadocs.

[11] Speech of Finance Minister, Interim Budget 2004-2005, February 3, 2004, https://www.indiabudget.gov.in/doc/bspeech/bs200405(I).pdf.

[12] 32nd Report: Creation of Non-Lapsable Capital Fund Account, Instead of the Present System, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, August 2017, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/16_Defence_32.pdf?source=loksabhadocs.

[13] Unstarred Question No. 1110, Lok Sabha, Ministry of Defence, December 8, 2023, https://sansad.in/getFile/loksabhaquestions/annex/1714/AU1110.pdf?source=pqals.

[14] 3rd Report, Demands for Grants (2019-20), Capital Outlay on Defence Services, Procurement Policy, Defence Planning and Married Accommodation Project, December 2019, http://164.100.47.193/lsscommittee/Defence/17_Defence_3.pdf.

[15] 28th Report: Capital Outlay on Defence Services. Procurement Policy, Defence Planning and Married Accommodation Project (Demand No. 21), Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 2022, https://loksabhadocs.nic.in/lsscommittee/Defence/17_Defence_28.pdf.

[16] Strength of Officers in Defence Forces, Unstarred Question No. 1121, Lok Sabha, July 22, 2022, https://sansad.in/getFile/loksabhaquestions/annex/179/AU1121.pdf?source=pqals.

[17] 36th Report: Demands for Grants (2023-24), Army, Navy, Air Force, Joint Staff, Ex-Servicemen Contributory Health Scheme and Sainik Schools, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 21, 2023, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/17_Defence_36.pdf?source=loksabhadocs.

[18] 29th Report: Preparedness of Armed Forces- Defence Production and Procurement, Committee on Estimates, July 25, 2018, https://loksabhadocs.nic.in/lsscommittee/Estimates/16_Estimates_29.pdf.

[19] Defence Acquisition Procedure, 2020, Ministry of Defence, https://www.mod.gov.in/dod/sites/default/files/DAP202013Apr22.pdf.

[20] "Defence Acquisition Council approves capital acquisition proposals worth Rs 2.23 lakh crore to enhance the operational capabilities of the Armed Forces", Press Information Bureau, Ministry of Defence, November 30, 2023, https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1981135#:~:text=It%20has%20been%20decided%20that,that%20are%20manufactured%20in%20India.

[21] Status of Positive Indigenisation List of DPSUs, Srijan Dashboard, Ministry of Defence, as accessed on May 19, 2024, https://srijandefence.gov.in/DashboardForPublic.

[22] "Aatmanirbharta on the rise: Defence exports reach an all-time high of approx. Rs 16,000 crore in Financial Year 2022-23; Over 10-times increase since 2016-17; India exporting to over 85 countries", Press Information Bureau, Ministry of Defence, April 1, 2023, https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1912885.

[23] "Defence exports touch record Rs 21,083 crore in FY 2023-24, an increase of 32.5% over last fiscal; Private sector contributes 60%, DPSUs - 40%", Press Information Bureau, Ministry of Defence, April 1, 2024, https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2016818#:~:text=Defence%20exports%20have%20touched%20a,compared%20to%20FY%202013%2D14.

[24] "Raksha Mantri reviews working of seven defence companies, carved out of OFB, on completion of one year of operations", Press Information Bureau, Ministry of Defence, September 30, 2022, https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1863733.

[25] "India's defence stronger than ever as the Govt is bolstering it with Indianness: Raksha Mantri Shri Rajnath Singh", Press Information Bureau, Ministry of Defence, March 7, 2024, https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2012132.

[26] Arms Transfers Database, SIPRI, as accessed on July 25, 2024, https://armstransfers.sipri.org/ArmsTransfer/CSVResult.

[27] "Agnipath is a game changer scheme for the Armed forces, Raksha Mantri Shri Rajnath Singh during MoU Exchange Ceremony 'Outreach Programme with MoE & MoSDE' in New Delhi", Press Information Bureau, Ministry of Defence, January 3, 2023, https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1888329#:~:text=The%20Government%20had%20launched%20Agnipath,to%20apply%20for%20the%20scheme.

[28] Report of the Group of Ministers on National Security, February 19, 2001, https://www.vifindia.org/sites/default/files/GoM%20Report%20on%20National%20Security.pdf.

[29] Agnipath Booklet, Ministry of Defence.

[30] "Army conducts own survey on scheme for Agniveers, may recommend tweaks", The Indian Express, May 23, 2024,

https://indianexpress.com/article/india/army-conducts-own-survey-on-scheme-for-agniveers-may-suggest-tweaks-9346007/.

[31] 38th Report: Demands for Grants (2023-24), Directorate of Ordnance (Coordination and Services) – New DPSUs, Defence Research and Development Organisation and National Cadet Corps, Standing Committee on Defence, Lok Sabha, March 21, 2023, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/17_Defence_38.pdf?source=loksabhadocs.

[32] 42nd Report: A Review of the Working of the Defence Research and Development Organisation (DRDO), Standing Committee on Defence, Lok Sabha, December 20, 2023, https://sansad.in/getFile/lsscommittee/Defence/17_Defence_42.pdf?source=loksabhadocs.

अस्वीकरणः प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह सारांश मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया गया था। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी के मूल सारांश से इसकी पुष्टि की जा सकती है।